>

Title: Need to provide a special financial package for the victims of natural calamities in Pakur and Sahibganj district of Rajmahal Parliamentary Constituency in Jharkhand.

श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल) : महोदय, झारखंड राज्य के पाकुड़ एवं साहिबगंज जिला के कई स्थानों खासकर राजमहल के क्षेत्रों में बाढ़ एवं वर्षा के कारण प्रत्येक वर्ष करीब पांच लाख लोग प्रभावित होते हैं और गर्मी के मौसम में प्राय: आग से सेंकड़ों घरों में जानमाल की हानि होती है। बाढ़ की विभीषिका के संबंध में सरकार का कई बार ध्यान आकृष्ट कराया गया है परंतु इस संबंध में कार्रवाई शून्य होती है। वर्ष 2007-08 के दौरान देश के कई बाढ़ प्रभावित राज्यों को केन्द्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गई परन्तु झारखंड के इन बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों के पीड़ितों को पर्याप्त आर्थिक सहायता प्रदान करने से वंचित किया गया है। झारखंड राज्य में बाढ़ एवं आग से प्रतिवÂर्ष जानमाल की क्षति के संबंध में ब्यौरा संग्रह करने में संबंधित विभाग विफल है।

अत: केन्द्र सरकार झारखंड के राजमहल अनुमण्डल और साहिबगंज जिला आदि में बाढ़ एवं आग से पीड़ित व्यक्तियों की सहायता के लिये सर्वेक्षण कार्य शुरु कराकर, इसे रोकने हेतु प्रभावी कदम उठाकर, पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर, उन्हें उचित सहायता एवं मुआवज़ा प्रदान करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करें।